MyBookLo ऐप

चर्चा में क्यों?

28 अगस्त, 2021 को राजस्थान के उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कॉलेज विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सुलभता से उपलब्ध करवाने के लिये जयपुर में डिजिटिल लाइब्रेरी **MyBookLo** ऐप का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस ऐप के माध्यम से छात्र-छात्राएँ अपने पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री प्राप्त करने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इसके तहत विद्यार्थियों को अलग-अलग श्रेणियों की कोचिंग दी जाएगी।
- कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से किया गया यह नवाचार आने वाले समय में राजस्थान की उच्च शिक्षण व्यवस्था को नई दिशा देने में मददगार साबित होगा।
- कॉलेज में पढ़ने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम अनुसार डिजिटिल अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाने के लिये आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं **MyBookLo** कंपनी के बीच एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत विकसित यह ऐप कॉलेज विद्यार्थियों के लिये एक डिजिटिल लाइब्रेरी होगा। जिसके माध्यम से ये वीडियो और पीडीएफ नोट्स प्राप्त कर सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mybooklo-app